तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 22 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 छुट्टियां खत्म, दफ्तर खुलते ही तहसील और ...



11 जेल में बंद कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव से ...



## खबर संक्षेप

### जिले से संबंधित महिलाओं के प्रकरणों की सुनवाई 29 को

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग रायपुर की गठित न्यायपीठ से अध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा आगामी 29 अगस्त को 11 बजे से बेमेतरा जिले के संबंधित महिलाओं के उत्पीड़न व अन्य संबंधित लंबित प्रकरण में सुनवाई की जाएगी। सुनवाई कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में अध्यक्ष किरणमयी नायक करेंगी।

### सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों का प्रशिक्षण अब होगा 28 से

**बेमेतरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में 22 अगस्त से 24 अगस्त तक कक्षा छठवीं से लेकर के कक्षा आठवीं तक के सामाजिक विज्ञान शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। अब इसमें आंशिक संशोधन किया जा रहा है। जिले के दो विकासखंडो बेमेतरा और बेरला के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन अब 28 अगस्त से 30 अगस्त तक होगा। प्रशिक्षण का समय प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 4:30 तक रहेगा। इस संबंध में आज डाइट संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे के साथ मास्टर ट्रेनर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई थी। जिसमें यह निर्णय लिया गया। इस संशोधन के बारे में एक अधिकारिक पत्र बेरला एवं बेमेतरा के बीईओ बीआरसी को प्रेषित कर दिया गया है। बैठक में प्राचार्य जे के घृतलहरे सहित सामाजिक विज्ञान की प्रशिक्षण प्रभारी व व्याख्याता यमुना जांगड़े, साथ ही डीआरजी हेमलता बंजारे व्याख्याता, दीपचंद देवांगन तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से रिसोर्स पर्सन साकेत उपस्थित थे।

### संत राम बालकदास 25 को चीचा में

**अंडा।** राष्ट्रीय संत राम बालकदास जी महराज तुलसीदास जयंती के उपलक्ष्य में 25 अगस्त रविवार को ग्राम चीचा वृन्दावन (अर्जुन्दा) में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे शाम 6 बजे महा आरती मेंशामिल होंगे। कार्यक्रम में तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश देशमुख भी विशेष रूप से शामिल होंगे। इस अवसर पर महाआरती पर चीचा के प्रत्येक घरों में रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार साहू ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### प्लेसमेंट कैंप 23 तक

**बालोद।** जिले के विभिन्न विकासखण्डों में 21 से 23 अगस्त तक सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केंद्र बालोद ने बताया कि इसके अंतर्गत जनपद पंचायत डौण्डी में 21 अगस्त, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा में 22 अगस्त तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में 23 अगस्त को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत महिला एवं पुरुष सिक्यूरिटी गार्ड की भर्ती की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

### जुआ खेलते 5 गिरफ्तार

**बालोद।** कोतवाली थाना क्षेत्र में रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेलने की शिकायत लगातार सामने आ रही है। पुलिस ने शासकीय आईटीआई के पीछे जुआ खेलते हुए शहर के पांच जुआड़ियों को 3200 रुपए नगद के साथ गिरफ्तार किया है। बालोद पुलिस ने बताया कि शहर के देवेन्द्र कुमार ढीमर, शिशुपाल साहू, प्रमोद रात्रे, इमरान खान व सुमीत तीनों रूपयों का दांव लगाकर ताश खेल रहे थे, जिनके विरूद्ध जुआ एक्ट की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई।

---

**मांग :** फैसला पलटने की मांग को लेकर कलेक्टर के माध्यम से सौंपा गया ज्ञापन

# आरक्षण पर फैसले को लेकर जताया विरोध एसटी, एससी व ओबीसी ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति पर क्रीमीलेयर कोटे की आरक्षण को लेकर दिए गए फैसले पर बुधवार को विभिन्न संगठनों ने देशव्यापी बन्द को समर्थन देते हुए बेमेतरा ज़िला मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया।

जिला मुख्यालय सहित जिले में बंद का असर नहीं पड़ा, परंतु रैली और धरना प्रदर्शन कर अपना रोष व्याप्त किया गया। इसमें जिलेभर के विभिन्न इलाकों से एसटी-एससी व पिछड़ा वर्ग के लोग शामिल हुए। विभिन्न संगठन के लोग एकत्रित होकर सर्वोच्च न्यायालय से अपना फैसला पटलने एवं आदेश पर संशोधन करने ज़िला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया। जिसमें देश की राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सुप्रीम कोर्ट के जज, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ के सीएम के नाम सौंपा। इस दौरान दिनभर बेमेतरा शहर में एसटी-एससी व पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इस दौरान धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कोटे के अंदर कोटे एवं क्रीमीलेयर कोटे से हमारा वंचित वर्ग दो भागों में बंट जाएगा, जिससे ऐसी स्थिति में कही-न-कही एसटी-एससी एवं पिछड़ा वर्ग का ही नुकसान बताया। लिहाजा सुप्रीम कोर्ट के आदेश व फैसले को एसटी-एससी विरोधी बताकर तत्काल इस फैसले को पलटलर इसमे संशोधन करने की मांग दोहराई गई। जिसमे ज़िला के अनुसूचित जाति समाज, अनुसूचित जनजाति समाज, पिछड़ा वर्ग किसान मोर्चा,ओबीसी महासभा, अजाक संघ बेमेतरा, प्रगतिशील किसान संगठन सहित इत्यादि संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट के कोटे के अंदर कोटे एवं क्रीमीलेयर कोटे के फैसले पर अपना विरोध धरना एवं ज्ञापन के माध्यम से व्यक्त किया।







### जिले में नहीं दिखा बन्द का असर

हालांकि देशव्यापी बन्द का बेमेतरा ज़िला में कोई खासा असर देखने को नहीं मिला। शहर से लेकर गांव-गांव तक मात्र गिनती के दुकान-प्रतिष्ठान बन्द दिखाई दिए। लिहाजा देशव्यापी बन्द के आह्वान के बाद पुलिस एलर्ट मोड पर थी। किन्तु दिनभर शांतिपूर्ण स्थिति रही। लिहाजा इस बन्द का व्यापक प्रभाव नहीं दिखा पर विभिन्न माध्यमों से अपना विरोध दर्ज कराया गया।

---


# बिना सुरक्षा उपकरणों के कर रहे कार्य विद्युतकर्मियों की जान जोखिम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवागढ़ विद्युत वितरण केन्द्र अंतर्गत मारो एवं सम्बलपुर विद्युत कनिष्क यंत्री क्षेत्र में बिना सुरक्षा व्यवस्था के बिजली कर्मियों से कार्य लिया जा रहा है। जिसका ताज़ा नज़ारा मारो-नवागढ़ मार्ग पर स्थित पुटपुरा गाँव में चौक पर दिखाई दिया। जहां पर बगैर सिक्योरिटी के जान जोखिम में डालकर एक लाइनमैन बिजली सम्बन्धित कार्य करता नज़र आया।

- जानलेवा साबित हो सकती है ऐसी लापरवाही

जिसमे ज़रा सी लापरवाही इलेक्ट्रिकमैन के लिए जानलेवा साबित हो सकती है, फिर भी विद्युत विभाग के उच्च ऑफिसर इस गम्भीर लापरवाही को नजरअंदाज कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है। बताया जा रहा है, कि विद्युतकर्मियों को बिजली कार्य के लिए पर्याप्त मात्रा में सुरक्षागत विद्युतरोधी दस्ताने, जूते, हेलमेट एवं जरूरी सामान उपलब्ध कराने की जवाबदेही विद्युत प्रशासन की होती है। जिनमें विद्युतकर्मियों की जरूरत के मुताबिक उपकरण प्रदान किया जाता है। किंतु इन दिनों नवागढ़ विद्युत सब डिवीजन क्षेत्र में जिम्मेदार अफसरों की लगातार मनमानी व लापरवाही बरती जा रही है। लिहाजा क्षेत्र में कार्यरत लाइनमैन व इलेक्ट्रिक वर्कर बिना सुरक्षा समान एवं उपकरण के काम करने को मजबूर है, जो किसी न किसी रोज एक विद्युत हादसे का कारण बन सकता है।



जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। इस सम्बंध में सम्बलपुर एवं मारो विद्युत वितरण उपकेंद्र के कनिष्क यंत्री अनिल चन्द्राकर से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क किया गया किंतु उनका नम्बर बन्द रहने से प्रशासनिक पक्ष नहीं मिल पाया।

---

# पेन्ड्रीकला में रामधुनी के साथ निकाली गई भोजली यात्रा, किया गया विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ अंचल में सालभर त्यौहारों की धूम रहती है। जहां लोक पर्व के रूप में भोजली त्यौहार भी ग्रामीण अंचलों में प्रसिद्ध है। जिसमें युवती और महिलाएं नागपंचमी के दिन से पर्व की शुरुआत कर रक्षाबंधन या इसके अगले दिन भोजली विसर्जन के रूप में मनाते हैं।

भोजली को देवी माता का स्वरूप मानकर पूजन अर्चन सेवा कर विशेष रूप से मानते है। थानखम्हरिया समीपस्थ ग्राम पेंड्रीकला में नन्ही बच्चियों और ग्रामीणों ने रामधूनी गाते हुए भोजली को ग्राम-भ्रमण कराते हुए अंतिम में पूजन अर्चन कर विसर्जन किया। सभी ने गांव की समृद्धि, सुरक्षा एवं अच्छी फसल की कामना के साथ भोजली का विसर्जन किया। इस मौके पर राजेश राजपूत (अध्यक्ष किसान मोर्चा) ने अपनी संस्कृति परम्पराओं के जीवंतता को बरकरार रखने वाले आयोजकों का आभार व्यक्त किया, छत्तीसगढ़ के सभी पर्वों को ऐसे ही एकता के साथ मनाने के लिए प्रेरित किया। इस पर्व पर शिवदयाल चंद्राकर, ओंकार चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, जीवन चंद्राकर, सुमंत चंद्राकर, सुखनदंन चंद्राकर, सहित ग्राम के अन्य नागरिक भोजली शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए।

---

## अजजा शासकीय सेवक संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन...



**साजा।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ ब्लॉक इकाई साजा जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति पर दिए गए फैसले का बुधवार को विरोध किया। आरक्षित कोटे के अंतर्गत कोटा अर्थात आरक्षित वर्ग के अंदर क्रीमी लेयर व वर्गीकरण निर्धारण आरक्षण प्रदान करने के निर्णय से अनुसूचित जनजाति संघ द्वारा अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व साजा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रकाश कुमार ध्रुव अध्यक्ष, धन सिंह ठाकुर सलाहकार, नरेश कुमार नागवंशी उपाध्यक्ष, संतोष कुमार ठाकुर सचिव, गणेश राम ठाकुर सचिव, गोपाल राम ठाकुर, अरुण कुमार मरकाम, भाव सिंह नेताम, प्रवीण कुमार नेताम एवं संतोष कुमार ध्रुव उपस्थित रहे।

---

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से सड़क पर बैठे मवेशी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाईवे पर ग्राम राखी-जोबा के समीप मंगलवार की रात सड़क हुई दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए।

- दुर्ग-बेमेतरा राजकीय मार्ग पर हुई दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़े
- बाल-बाल बचे कार सवार

कई राउंड पलटी खाते हुए कार खेत में जा घुसी । कार में एक जैन परिवार की महिलाएं और बच्चे सवार थे। दुर्घटना का कारण सड़क पर बैठी मवेशी रही, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि कर में सवार किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई।

बता दें कि नगर देवकर की ओर से बड़े ही तेज गति आ रही काले रंग की स्विफ्ट कार सड़क पर बैठे मवेशी से जा टकराई। इसमें जोरदार टक्कर से स्विफ्ट कार सड़क के साइड में बार-बार पलटते हुए बिजली के खम्भे के समीप रुक गयी है जिससे वाहन इस परखच्चे उड़ गए। जबकि वाहन में सवार महिलाएं व बच्चे सहित सभी लोग बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा है कि यह हादसा रात के वक़्त हुई जिसमें कार में दुर्ग के जैन परिवार से 2 पुरुष, 2 महिलाएं एवं 2 बच्चे मौजूद थे। जिन्हें हादसे में मामूली चोटें आई है। दरअसल हादसे का कारण सड़क पर रात के काफी अंधेरा होने से सड़क पर बैठे मवेशी नहीं दिखाई दिया। जिससे वह कार का संतुलन खो बैठा। जिससे यह भीषण दुर्घटना घट गई।



गौरतलब हो कि जिला मुख्यालय से लेकर अंचल में सड़कों पर घूमते ओर बैठे हुवे मूक पशु नजर आ जायेंगे जिसके चलते कई दुर्घटना भी हो चुकी है और लोगों की जान भी जा चुकी है। हालांकि प्रशासन अपनी ओर से सड़कों में बैठने वाले मवेशियों के खिलाफ अभियान चलाती है, परंतु इनके मालिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं करने के चलते हालात नहीं सुधर रही है।

---

## हाटरांका स्कूल में किया गया पौधारोपण

**बेमेतरा।** साजा विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटरांका में एक पेड़ मां के नाम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में बच्चों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों एवं शिक्षकों ने फलदार, छायादार एवं औषधि पौधा रोपित किया। जिसमें मुख्य रूप से कदम, आंवला,आम, जामुन,अमरूद, करौंदा,बेल एवं रामफल जैसे पौधे रोपित किया गया। इस दौरान संस्था के प्राचार्य डी एल भुवार्य ने कहा कि हमें पेड़ अधिक से अधिक मात्रा में लगाना चाहिए एवं उसकी सुरक्षा करना चाहिए। उचित मात्रा में खाद्य एवं पानी पौधे को देना चाहिए जिससे पेड़ वृक्ष का रूप लेकर हम सभी सजीव प्राणी को आक्सीजन भरपूर मात्रा में मिल सके। कार्यक्रम में प्राचार्य डी एल भुवार्य, व्याख्याता अभिलाषा जैन, खेल शिक्षक गणेश कुमार सप्रे, व्याख्याता नीति तिवारी, मनीषा सिंह, छाया जैन समेत दीपक साहू, अजय साहू, अश्वनी पाटिल मौजूद रहे।



---

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर के खिलाफ एबीवीपी ने खोला मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साजा इकाई द्वारा कल ब्लॉक मुख्यालय में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ.मार्कण्डेय के खिलाफ ज्ञापन दिया है। जिसमे सीएससी साजा के डॉ.मार्कण्डेय द्वारा मरीजों को गंभीर बीमारी का हवाला देते हुए मरीजों व उनके परिजनों में खौफ पैदा कर डराया जाता है और अच्छे उपचार का पता बताते हुए मरीजों को बेमेतरा में स्थित एक विशेष निजी अस्पताल में सभी मरीजों को भेजा जाता है। वहीं, उक्त अस्पताल में जाने पर उपचार के बाद अनाप-शनाप बिल दिखाकर पैसा लिया जाता है और मरीजों से गंभीर बिमारी बता कर मोटी रकम ली जाती है। अपने निजी स्वार्थ के लिए मरीजों को गलत जगह भेजा जाता है। इस पर साजा के नगर मंत्री द्वारा कहा गया कि निजी स्वार्थ के लिए मरीज के जीवन से खिलवाड़ करने वाले व्यक्ति पर तत्काल कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि कार्रवाई नहीं होने पर छात्र शक्ति आन्दोलन के लिए बाध्य रहेगी। इस दौरान नगर मंत्री संदीप यदु, सहमंत्री झाम्मन, चमपेश्वर, भोला, गजानंद, गोविन्द, केवल, सौरभ, नरेंद्र, बीरेंद्र, हेमा, योगेश्वरी, सुमन सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग को लेकर बीएमओ को सौंपा ज्ञापन

---

**ग्राम बुधवारा में परेशानियों का कारण बना जल जीवन मिशन**

# सड़क की स्थिति खराब, बढ़ी लोगों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

साजा विकासखंड एवं देवकर तहसील इलाके के ग्राम बुधवारा में शासन- प्रशासन की महत्वाकांक्षी जलजीवन मिशन अंतर्गत संचालित नल-जल योजना इन दिनों क्षेत्र में सुपरफ्लॉप एवं ठप साबित हो रही है।

इसके तहत गाँव में एक बड़े हिस्से पाइपलाइन विस्तार के लिए खोदे पूर्व के गड्ढे आज तक ठेकेदार द्वारा भरे नहीं गए हैं, वहीं इन दिनों बरसात के सीजन होने से गड्ढों में लगातार पानी भरने से दलदल की स्थिति बनी है, जो ग्रामीणों के लिए मुसीबत का कारण बन गई है। इस समस्या पर पीएचई साजा सब डिवीजन के अफसरों सहित अन्य प्रशासन द्वारा कोई सुध नहीं ली जा रही है। लिहाजा हालात इन दिनों बद से बदतर हो चुके हैं जिसको लेकर चिंतित सजग ग्रामीण अब शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं।



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी साजा उपसम्भाग अंतर्गत ग्राम पंचायत बुधवारा की बस्तियों व गलियारों में महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के तहत नल-जल का पाइपलाईन बिछाई गई है । इसके लिए गाँव की सुंदर सड़क को बेतरतीब ढंग से आज से 4-5 माह पूर्व खोदा गया था, जिसके खोदने के बाद तुरंत छोड़ दिया गया था, जो आज भी ठेकेदार द्वारा मरम्मत नहीं की गई है।

### गड्ढों के कारण आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं

बारिश के दौर होने से खोदा गया गड्ढा और सड़क पूरा कीचड़ से शराबोर हो गई है। इसमें अब तक दर्जनों लोग गिरकर चोटिल हो गए हैं। वहीं गली से छोटे-छोटे बच्चे भी गुजरते हैं, जिनके लिए हमेशा खतरा बना रहता है। बहरहाल इन दिनों ग्रामीणजन शासन-प्रशासन के विरोध में लामबन्द हो रहे हैं। इस सम्बंध में बुधवारा के ग्रामीण अभिजीत सिंह ने पीएचई विभाग के अफसर और ठेकेदार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### बच्चों-श्रमिकों को महिला समूह ने बांटे फल-मिठाई

**रायपुर।** शहर की महिलाओं के समूह द पंख-रीयूनाइट विथ हाइट के सदस्यों ने तेलीबांधा तालाब पहुंचकर जरूरतमंद बच्चों, श्रमिकों, रिक्शा एवं ऑटो चालकों को फल, मिठाई और खिलौने बांटे। संस्था की सदस्यों ने बताया कि क्लब का उद्देश्य महिलाओं की रचनात्मक क्षमता को सामाजिक गतिविधियों का हिस्सा बनाना है। क्लब के माध्यम से महिलाएं पारिवारिक दायित्वों के साथ ही समाज की अन्य गतिविधियों से जुड़कर अपनी रचनात्मकता से कमजोर और वंचित समूह में उत्सव और उल्लास का माहौल तैयार करती हैं। पांच सौ से अधिक सदस्यों के इस क्लब की सदस्य सामाजिक सरोकार की गतिविधियों में तत्परता से अपनी भागीदारी के लिए हमेशा उत्साहित रहती हैं। तेलीबांधा मरीन ड्राइव पर इस दौरान रेखा गुप्ता, सुविधा अग्रवाल, अनुभा सिंह, नीरू अरोरा, सीमा चौधरी, नीलिमा जीपकटे, सुगंधा, मुस्कान, सुधा शर्मा, रेणुका शर्मा, उमा चंदीरामानी, प्रिया, रितु सेलट समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

### जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के पोस्टर का विमोचन



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं रायपुर पुलिस द्वारा जिंदगी ना मिलेगी दोबारा का आयोजन किया जा रहा है। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया, 21 अगस्त से केपीएस डूंडा से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, जिसमें शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल एवं रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू उपस्थित रहेंगे। एसएसपी संतोष सिंह ने जिंदगी ना मिलेगी दोबारा का पोस्टर का विमोचन किया। इस अभियान में रायपुर शहर के सभी प्रमुख स्कूलों में ट्रैफिक के प्रति जागरूकता एवं बच्चों को हेल्थ एंड हाईजीन व कॅरियर गाइडेंस के साथ में नशामुक्ति का महाभियान आयोजित किया जा रहा है। दस स्कूलों का चयन किया गया है। पोस्टर विमोचन में सिंधी काउंसिल के अनिल जोतसिंघानी, अमर गिदवानी, तेजकुमार बजाज और दृष्टि जयसिंह उपस्थित रहे।

### झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान

**रायपुर।** गंभीर और असाध्य बीमारियों को ठीक करने का दावा कर मरीजों की जान जोखिम में डालने वाले झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्रवाई जारी है। इसी दौर में पिछले दिनों बिरगांव और आरंग इलाके में दबिश देकर दो झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की थी। उनके पास से भारी मात्रा में विभिन्न तरह की एलोपैथिक दवाएं बरामद की गई थीं। अधिकारियों का दावा है कि अनाधिकृत रूप से किसी का इलाज करना गंभीर प्रवृति का अपराध है और इसके लिए सजा का भी प्रावधान है। जांच टीम में औषधि निरीक्षक प्रीति उपाध्याय, डॉ . सुरेश कुमार आदि शामिल रहे।

### तेलीबांधा मुक्तिधाम की दयनीय दशा सुधारने की मांग


**रायपुर।** श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के पदाधिकारियों ने तेलीबांधा मुक्तिधाम की दयनीय दशा को समयसीमा में सुधारे जाने की मांग को लेकर विधायक पुरंदर मिश्रा को ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर पदाधिकारियों ने बताया कि अपनों की अंतिम विदाई के बाद वहां शांति सभा करने के लिए एक बड़े शेड का निर्माण आवश्यक है, इसके अलावा अंत्येष्टि स्थल के आसपास भी टाइल्स आदि क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। बारिश में लकड़ियों को भीगने से बचाने के लिए भी बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। नीचे पूरी जमीन पर भी अच्छा पेवर ब्लॉक लगाना होगा। सालभर शुद्ध पीने के पानी की सुविधा प्रदान करना भी नितांत आवश्यक है।

# हादसों को रोकने रेलवे ने बढ़ाई सुरक्षा, अब इंजन में 3.2 की जगह लगेगा कवच 4.0

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

वंदे भारत एक्सप्रेस में अब सुविधा के साथ सुरक्षा भी आधुनिक होगी। देशभर में लगातार बढ़े रेल हादसों के बीच रेलवे बोर्ड में ट्रेनों में सुरक्षा को लेकर बड़ा बदलाव किया है, जिसके तहत अब कवच 3.2 की जगह कचव 4.0 अप्रूव हुआ है। अब रेलवे ट्रेनों, स्टेशनों और ट्रैक पर कवच 4.0 लगा रहा है। भारतीय रेलवे मौजूदा समय में करीब 52 वंदे भारत एक्सप्रेस चला रहा है। इन सभी वंदे भारत ट्रेनों में कोच 3.2 लगा हुआ है, लेकिन कवच 4.0 मंजूर होने के बाद सभी वंदे भारत एक्सप्रेस को अपग्रेड किया जाएगा। जोन के अधिकारियों का कहना है कि इस काम में ज्यादा समय नहीं लगेगा। जल्द ही इस दिशा में तेजी से काम शुरू हो जाएगा। नए सिस्टम से यात्रियों का काफी हद तक सफर सुरक्षित हो सकेगा।

**चार साल में देश के सभी इंजन कचव 4.0 से हो जाएंगे लैस, हर वर्ष करीब 5 हजार इंजनों पर लगेगा**



#### बेहतर सुरक्षा के लिए बदलाव

देश में इस समय वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सभी यात्रियों की पसंदीदा ट्रेन बनी हुई है। पूर्वोत्तर राज्यों के साथ ये ट्रेनें देश के सभी राज्यों को कवर कर रही हैं। रेल मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि सफर के दौरान यात्रियों को सेफ्टी और सेक्योरिटी प्रदान करना भारतीय रेलवे की प्राथमिकता हैं। इसी कड़ी में ट्रेन हादसों को रोकने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है।

**पहाड़ी इलाकों से लेकर घने जंगलों तक ट्रायल :** कचव 4.0 तकनीक पूरी तरह से सुरक्षित है। इसका ट्रायल पहाड़ी इलाकों से लेकर समुद्री तट तक और बर्फबारी वाले इलाकों से लेकर घने जंगलों तक किया जा चुका है। सभी इलाकों में इसका ट्रायल सफल रहने के बाद आरडीएसओ ने अप्रूवल दे दिया है। इसके बाद ही रेलवे मंत्रालय ने दो और रूटों पर लगाने का फैसला किया है। भारतीय रेलवे में 20 हजार के करीब इंजन हैं। हर वर्ष करीब 5 हजार इंजनों पर कचव 4.0 लगाया जाएगा। इस तरह अगले चार साल में सभी इंजन कचव 4.0 से लैस हो जाएंगे। इसके साथ ही ट्रैक और स्टेशन प्वाइंट पर भी कचव 4.0 लगाया जाएगा। इन तीनों जगह कचव लगने के बाद ट्रेनों में टक्कर होने की संभावना खत्म हो जाएगी।


### छुट्टियों के बाद दफ्तरों के खुलने के पहले दिन भी लंच टाईम तक कई अधिकारी गायब मिले

# छुट्टियां खत्म, दफ्तर खुलते ही तहसील और कलेक्टोरेट में उमड़ने लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त से लेकर रक्षा बंधन पर्व के दौरान लंबी छुट्टियों के बाद मंगलवार को सरकारी दफ्तरों के खुलते ही लोगों की भीड़ टूट पड़ी। अपना काम कराने पहुंचे कलेक्टोरेट से लेकर तहसील कार्यालय एवं रजिस्ट्री कार्यालय में लोगों की दिनभर भीड़ लगी है। सरकारी छुट्टियों के कारण चार दिन तक विभिन्न विभागों के कामकाज नहीं हो पाए, वहीं लोगों के काम भी अटके हुए थे जो दफ्तरों के खुलते ही पुनः होने लगे हैं। हालांकि इतने दिनों के बाद दफ्तरों के खुलने के कारण सुबह 10 बजे से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। तहसील कार्यालय में सबसे ज्यादा भीड़ रही।

नामांतरण, बटांकन, सीमांकन से लेकर आय-जाति और निवास प्रमाण पत्र का काम के साथ सुनवाई में शामिल होने बड़ी संख्या में वकीलों के साथ पक्षकार भी पहुंचते रहे। त्यौहार के नाम से कुछ प्रकरण में पक्षकारों के नहीं पहुंचने के कारण सुनवाई की तारीख भी बढ़ाई गई।





#### कलेक्टोरेट में दिनभर लगी रही भीड़

कलेक्टोरेट में छुट्टियों के कारण राजस्व, भाड़ा नियंत्रण प्रकरणों की सुनवाई से लेकर नकल निकालने, लोक सेवा केंद्र सहित अन्य विभागों के कार्यालयों का कामकाज भी बंद था। इसके कारण लोगों के काम भी अटके हुए थे। छुट्टियां खत्म होते ही लोगों की इन कार्यालयों में भीड़ पहुंचने लगी। हालांकि छुट्टियों के बाद दफ्तरों के खुलने के पहले दिन भी लंच टाईम तक कई अधिकारी गायब मिले। कर्मचारियों से पूछताछ में कुछ अधिकारियों को फील्ड पर जाना बताया गया। इस कारण लंच टाईम तक लोग कई कार्यालयों के चक्कर लगाते भी दिखे।

#### रजिस्ट्री कार्यालय में सामान्य दिनों की तुलना में कम रही भीड़

रजिस्ट्री कार्यालय में सामान्य दिनों की अपेक्षा आज भीड़ कम रही। इसका कारण त्यौहार बताया जा रहा है। उप पंजीयक बृजेश शुक्ला ने बताया कि सामान्य दिनों की तुलना में आज अपॉईटमेंट कम है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त और रक्षा बंधन त्यौहार पड़ने के कारण लोगों ने कम अपॉइटमेंट लिया है, जिसके कारण भीड़ भी कम है। उन्होंने आगामी दिनों में भीड़ बढ़ने की संभावना जताई है।

## एमबीबीएस-बीडीएस प्रवेश, तीन दिन में 2800 ने कराया पंजीयन, पहली लिस्ट 28 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निजी और शासकीय मिलाकर राज्य के 15 मेडिकल और 6 दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में यूजी के एडमिशन के लिए तीन दिन में 2800 ने एडमिशन कराया है। पंजीयन और मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद पहली आवंटन सूची 28 अगस्त को जारी की जाएगी। राज्य में दोनों पाठ्यक्रम मिलाकर 1814 सीटों पर एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

■ दोनों पाठ्यक्रमों में राज्य कोटे की 1814 सीटों पर होना है एडमिशन

चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने स्नातक विषयों में प्रवेश के लिए अपनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। एमबीबीएस के साथ बीडीएस की सीटों में प्रवेश के लिए 18 अगस्त से पंजीयन प्रारंभ किया गया है। तीन दिन में 2800 लोगों ने अपने पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की है और इसके लिए उनके पास 24 अगस्त तक का वक्त है। इसके बाद 27 को मेरिट लिस्ट का प्रकाशन होगा और 28 -29 को सीट अलॉटमेंट की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिसके बाद 31 अगस्त तक प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस बार राज्य के मेडिकल कालेज में स्टेट कोटे की कुल 1482 तथा डेंटल कालेजों में 332 सीटें हैं।

#### 26 अक्टूबर तक का वक्त

एडमिशन का काम पूरा करने के लिए 26 अक्टूबर तक का वक्त निर्धारित किया गया है। इसमें काउंसिलिंग कमेटी प्रवेश के लिए दो नियमित दो राउंड, एक मॉपअप तथा एक स्ट्रे वैकेंसी राउंड पूरा करेगी।

#### सरकारी में कम, निजी में बढ़ी सीट

इस बार बिलासपुर मेडिकल कालेज में 50 सीट कम होने से छात्रों को शासकीय स्तर पर नुकसान उठाना पड़ा है। दूसरी ओर दो निजी मेडिकल कालेज बढ़ने से और विकल्प भी मिला है। डेंटल कालेजों की सीटों में किसी तरह का फेरबदल नहीं हुआ है। यहां एकमात्र सरकारी डेंटल कालेज कुल सौ और निजी कालेजों में बीडीएस की पांच सौ सीटें हैं जो अलग-अलग कोटे में निर्धारित है।

#### कहां कितनी सीट

| कालेज | कुल सीट | स्टेट कोटा |
|---|---|---|
| शासकीय मेडिकल कालेज | | |
| रायपुर | 230 | 189 |
| बिलासपुर | 150 | 124 |
| राजनांदगांव | 125 | 104 |
| जगदलपुर | 125 | 104 |
| अंबिकापुर | 125 | 104 |
| रायगढ़ | 100 | 82 |
| कांकेर | 125 | 104 |
| कोरबा | 125 | 104 |
| महासमुंद | 125 | 104 |
| दुर्ग | 200 | 164 |
| निजी मेडिकल कालेज | | |
| रिम्स | 150 | 64 |
| बालाजी | 150 | 64 |
| शंकराचार्य | 150 | 64 |
| रावतपुरा | 150 | 64 |
| अभिषेक मिश्रा | 100 | 43 |

## भूजल विशेषज्ञों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजीव गांधी राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान द्वारा कौशल उन्नयन के लिए देश के भूजल विशेषज्ञों का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित करने में इसकी राष्ट्रीय भूमिका है। यह प्रशिक्षण पाठ्यक्रम देश के भूजल संसाधनों की जांच, अन्वेषण, मूल्यांकन, विकास, प्रबंधन और विनियमन के सभी प्रासंगिक पहलुओं के लिए तैयार किए गए हैं। सीजीडब्ल्यूबी के ग्रुप बी वैज्ञानिक अधिकारियों के लिए एक वर्ष के प्रवेश स्तरीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (आईएलटीसी) का शुभारंभ आरजीआई में किया गया। इस अवसर पर सीजीडब्ल्यूबी के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार अम्बष्ट ने मुख्य अतिथि और (सीजीडब्ल्यू) सदस्य टीबीएन सिंह ने बतौर अतिथि भाग लिया। कार्यक्रम आरजीआई की क्षेत्रीय निदेशक और आरजीआई निधि वर्मा के नेतृत्व में किया गया। इसी दौरान श्री वर्मा ने क्षेत्रीय निदेशक, आरजीआई ने सभी व्यक्तियों, प्रशिक्षु अधिकारियों और आरजीआई के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम के डिजाइन, उद्देश्यों और आईएलटीसी के अपेक्षित परिणामों के बारे में भी जानकारी दी। इसी दौरान सीजीडब्ल्यू के सदस्य टीबीएन सिंह ने प्रशिक्षु अधिकारियों से सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने और टीम भावना का निर्माण करने का आग्रह किया। भारत सरकार के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन द्वारा विकसित लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) का आरजीआई मॉड्यूल बिजिमोल जोस, वैज्ञानिक-'डी' द्वारा प्रस्तुत किया गया और जिसका उद्घाटन सीजीडब्ल्यूबी अध्यक्ष द्वारा किया गया।

■ कार्यक्रम के डिजाइन, उद्देश्यों और आईएलटीसी के अपेक्षित परिणामों के बारे में भी जानकारी दी

## हर बहन की सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि के प्रति संकल्पित मुख्यमंत्री




**रायपुर।** उत्कल महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने सोमवार को सीएम हाउस पहुंचकर छत्तीसगढ़ की 70 लाख महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को रक्षासूत्र बांधा। इसी दौरान उन्होंने महतारी वंदन योजना के जरिए प्रदेश की माता-बहनों का मान बढ़ाने के लिए सीएम का आभार जताया। मुख्यमंत्री निवास में बहनों के प्रति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का अपनत्व और स्नेह देखकर सुखद अनुभूति हुई, सभी बहनों को सगे भाई से बढ़कर मान-सम्मान दिया। श्रीमती जगत ने कहा कि महाभारत काल के समय भगवान श्रीकृष्ण द्वारा शिशुपाल के वध के समय भगवान कृष्ण की उंगली कट गई थी, तब द्रौपदी ने अपनी साड़ी का टुकड़ा श्रीकृष्ण के अंगुली में बांधा था, जिससे खून बहना बंद हो गया था।

#### प्रदेश की खुशहाली के लिए मांगा आशीर्वाद

इस मौके पर श्रीमती जगत ने रक्षाबंधन हो या दिवाली, महतारी वंदन योजना के जरिए जो राहत दे रहे हैं, उसके लिए माताओं और बहनों की तरफ से मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय ने महतारी वंदन योजना के जरिए प्रदेश की माता और बहनों के दिलों में जगह बना ली है। श्रीमती जगत ने मुख्यमंत्री कार्यालय में श्री साय को रक्षासूत्र बांधकर प्रदेश की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। श्रीमती जगत ने कहा, विष्णुदेव साय जी ऐसे भाई हैं, जो खुशियां बांटने के साथ प्रदेश की माता-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहे हैं।

**10 से 15 साल की सेवा अवधि के बाद हो स्थायीकरण**

## नगरीय निकाय के 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी 3 सितंबर को देंगे एक दिवसीय धरना, 2 सूत्रीय मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेश के 14 नगर निगम, 48 नगर पालिका और 122 नगर पंचायतों में काम करने वाले 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी 3 सितंबर को काम ठप कर धरना देंगे। 2 सूत्रीय मांग को लेकर राजधानी में प्रदेशव्यापी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में निकाय से प्लेसमेंट कर्मचारियों के खाते में हर माह वेतन भुगतान करने और 10 से 15 साल की सेवा अवधि होने पर स्थायीकरण की मांग करने जुटेंगे।

■ 14 नगर निगम, 48 नगर पालिका, 122 नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारी करेंगे काम ठप

■ निकाय से सीधे प्लेसमेंट कर्मचारियों के खाते में हर माह वेतन भुगतान करने की मांग

नगरीय निकाय चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ नगरीय प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आंदोलन की रणनीति तय करने गत दिनों राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें प्रदेशभर से संगठन के पदाधिकारी और प्रतिनिधि शामिल हुए।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे, महासचिव शरदराम पोया, उपाध्यक्ष खेमूलाल निषाद, संभाग अध्यक्ष राहुल मेढ़े ने संयुक्त रूप से कहा कि नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों को वर्तमान में कलेक्टर दर पर भुगतान ठेकेदार के माध्यम से होता है। यह भुगतान हर माह नियमित रूप से नहीं होने की वजह से कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। 1 साल पूर्व इन कर्मचारियों के लिए 4 हजार रुपये के श्रम सम्मान राशि वृद्धि करने की घोषणा के बाद इसे लागू किया गया, पर नगरीय निकाय को छोड़कर बाकी अन्य विभागों के कर्मचारियों को इसका लाभ मिल रहा है। नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी अब तक श्रम सम्मान 4 हजार की वृद्धि की गई राशि से वंचित हैं।



#### निकाय से सीधे वेतन भुगतान पर सरकार को होगी 200 करोड़ से ज्यादा की बचत

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे ने कहा अगर नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकाय से सीधे वेतन भुगतान करती है तो सरकार को 200 करोड़ से ज्यादा की बचत होगी। जिसका उपयोग नगरनिगम शहर के विकास कार्यो में कर सकता है। इससे कमीशन खोरी बंद होगी और प्लेसमेंट कर्मचारियों के शोषण पर अंकुश लगेगा। नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा शहरी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधा सफाई, पानी, बिजली, राशनकार्ड, पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, गुमाश्ता, नगर निवेश से संबंधित कार्य का संपादन में सहयोग किया जाता है। इसके बाद भी इन कर्मचारियो को नियमित कर्मचारियों की अपेक्षा आधे से भी कम वेतन मिलता है, जिससे इन्हें परिवार चलाने में काफी परेशानी होती है।

**ओल्ड लिस्नर्स ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ जोन रायपुर श्रोता का आयोजन**

## रेडियो श्रोता दिवस पर जुटे पर श्रोतावृंद, साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेडिया श्रोता दिवस को यादगार बनाने मंगलवार को ओल्ड लिस्नर ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ जोन की ओर से राजधानी के सिविल लाइन स्थित वृंदावन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अशोक बजाज आमंत्रित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आकशवाणी रायपुर के पूर्व सहायक केन्द्र निर्देशक लखनलाल भौर्य, विशिष्ट अतिथि के रूप में दूरदर्शन रायपुर के अधिकारी संतोष कुमार देवहरे, रामाधार पटेल उपस्थित रहे।

■ दूरदर्शन और आकाशवाणी से जुड़े अधिकारी हुए शामिल



रेडियो श्रोता दिवस के मौके पर छत्तीसगढ़ के अलाव शहडोल, मलाजखंड, बालाघाट से श्रोतावृंद कार्यक्रम का आनंद उठाने सभागार में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंपेश्वर गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में आयोजन संस्था के मुख्य संरक्षक लक्ष्मीनारायण लाहोटी, संस्था के अध्यक्ष और रेडियो के जाने-माने श्रोता मोहनलाल देवांगन, किरण सिंह, अन्नपूर्णा शर्मा, मीरा दीवान विशेष रूप से श्रोताओं का उत्साहवर्धन करने उपस्थित रहीं। इस मौके पर सुरीले गीतों की सुंदर प्रस्तुति से माहौल को खुशनुमा बनाने चुनिंदा गायकों को मौका मिला। जिन्होंने बारी-बारी से एक से बढ़कर एक कर्णप्रिय गीत सुनाकर आमंत्रित श्रोताओं को भावविभोर किया। बाहर से आये श्रोताओं को सम्मान पत्र और फूलों की माला पहनाकर ओल्ड लिस्नर ग्रुप के अध्यक्ष मोहनलाल देवांगन और उनकी टीम ने स्वागत किया। इसके अलावा 5 राज्यों को अवार्ड दिया गया। इसमें महाराष्ट्र, गुजरात, तेलगांना, बिहार, छत्तीसगढ़ राज्य शामिल रहे।

कार्यक्रम में मुख्य सहयोगी के रूप में झावेंद्र कुमार ध्रुव, रतन जैन, अनिल तिवारी, एसपी गोस्वामी, योगेश चांडक, ललित कुमार साहू, मुन्नालाल पटले, धुरवाराम साहू, संतोष चंद्र, शशिकांत यादव मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन ग्रुप के अध्यक्ष मोहनलाल देवांगन ने व्यक्त किया।

## कलेक्टर ने नो योर आर्मी प्रदर्शनी की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने मंगलवार को साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित नो योर आर्मी प्रदर्शनी की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर कलेक्टर डॉ. सिंह ने मंच निर्माण के लिए स्थल चयन, आंगुतकों के ठहरने की व्यवस्थाए आमंत्रित नागरिकों के बैठने की व्यवस्था समेत अन्य तैयारियों के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने आर्मी के जवानों के ठहरने की व्यवस्था भी देखी। साथ ही स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते समेत आर्मी के अधिकारी समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि 5 और 6 अक्टूबर को नो योर आर्मी प्रदर्शनी का आयोजन साइंस कॉलेज मैदान में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदर्शित टैंक, तोप, हवा में मार करने वाले हथियार, ब्रिजिंग इक्विपमेंट सहित अन्य हथियारों के बारे में यहां के लोगों को देखने और जानने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही डॉग शो, आर्मी में बजने वाले आकर्षक बैंड शो, मार्शल म्यूजिक प्रोग्राम का भी आयोजन किया जाएगा।



# जेल में बंद कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव से मिले कांग्रेसी, झूठे आरोपों में गिरफ्तारी का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस नेताओं ने मंगलवार को जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात की। उसके बाद कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में पार्टी ने फैसला लिया है कि 24 अगस्त को पूरे छत्तीसगढ़ में पार्टी विरोध प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि देवेंद्र यादव को झूठे केस में फंसाया गया है। कानून व्यवस्था के मोर्चे पर अपनी विफलता को छिपाने के लिए विष्णु देव साय सरकार ने यादव को फंसाया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बैठक के संबंध में बताया कि कांग्रेस विधायक दल की मीटिंग में नेताओं ने यादव को झूठे आरोपों और गिरफ्तारी में फंसाए जाने पर चिंता व्यक्त की तथा अन्याय को बर्दाश्त नहीं करने का फैसला किया। यह निर्णय लिया कि हम इस मुद्दे पर मिलकर लड़ेंगे। कांग्रेस विधायक और नेता 22 अगस्त को जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और 24 अगस्त को विरोध प्रदर्शन करेंगे। तीन स्तर पर लड़ाई लड़ने की तैयारी पार्टी ने की है। कानूनी तौर पर लड़ाई लड़ी जाएगी। धरना प्रदर्शन के माध्यम से जमीन पर लड़ाई लड़ी जाएगी और फिर आमने-सामने की लड़ाई भी लड़ी जाएगी। हम इस मामले को राज्य के राज्यपाल के समक्ष उठाएंगे।

### कांग्रेस ने की तीन स्तर पर लड़ाई लड़ने की तैयारी



### धोखा देकर किया गिरफ्तार- भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, देवेंद्र यादव से मुलाकात हुई, उन्होंने बताया कि जब गिरफ्तारी की गई, तो उस दौरान एफआईआर की कॉपी नहीं दी गई। जो भी नोटिस दिया गया, वह कानूनी धारा 160 के तहत दिया गया है। जो गवाही का नोटिस होता है, गवाही लेने की बात कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। उनको धोखा देकर गिरफ्तार किया गया है।

### केवल पांच लोगों को मिलने दिया- महंत

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, हम यहां देवेंद्र यादव से मिलने आए थे, लेकिन मुख्यमंत्री के निर्देश पर पांच लोगों को ही उनसे मिलने दिया गया है। अन्य विधायक भी देवेंद्र यादव को लेकर चिंतित थे, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। भूपेश बघेल ने भी 5-5 करके सबको मिलने देने के लिए कहा, लेकिन उन्हें तब भी जाने नहीं दिया गया। इस तरह साय का प्रशासन यहां भी चुस्त है।

### जेल में देवेंद्र यादव से मिले कांग्रेस नेता

जेल में बंद कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव से कांग्रेस के नेताओं ने मुलाकात की है। नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत और पूर्व सीएम भूपेश बघेल की अगवाई में कांग्रेस नेताओं की एक टीम रायपुर सेंट्रल जेल पहुंची। यहां उन्होंने विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात की। जेल में मुलाकात के बाद प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने देवेंद्र यादव के साथ जेल में किसी तरह का गलत व्यवहार ना होने की जानकारी मीडिया को दी। देवेंद्र यादव से मुलाकात करने वालों में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, विधायक उमेश पटेल और लालजीत सिंह राठिया शामिल थे।

### दुर्ग-भिलाई में भूपेश और रायपुर में बैज मोर्चा संभालेंगे

*कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में छत्तीसगढ़ कांग्रेस 24 अगस्त को प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन करेगी। प्रदर्शन के लिए जिलेवार प्रभारी की भी नियुक्ति की गई है। रायपुर में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज मोर्चा संभालेंगे। दुर्ग और भिलाई में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और बिलासपुर शहर और ग्रामीण में रामकुमार यादव को जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेशव्यापी प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी को लेकर अपना विरोध जताएंगे।*

## खबर संक्षेप

### अभिजीत को चिकित्सा शिक्षा का अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अभिजीत सिंह को उनके वर्तमान दायित्व के साथ संयुक्त सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी क्रम में प्रभात मलिक को संयुक्त सचिव इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। दोनों अधिकारियों के अन्य प्रभार यथावत रहेंगे। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2022 बैच के दो प्रशिक्षु अधिकारियों को अनुविभागीय अधिकारी बनाया गया है। नम्रता जैन सहायक कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली जिला महासमुंद, प्रखर चंद्राकर सहायक कलेक्टर कांकेर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ नियुक्त गया है।

### दो जिलों के प्रभारी सचिव बदले

**रायपुर।** राज्य सरकार ने दो जिलों के प्रभारी सचिव बदले हैं। 2008 बैच के आईएएस राजेश सिंह राणा को सारंगढ़ बिलाईगढ़ का प्रभारी सचिव बनाया गया है, तो वहीं शिखा राजपूत तिवारी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की प्रभारी सचिव होंगी। जीएडी से जारी आदेश के मुताबिक प्रभारी सचिव को महीने में कम से कम एक बार जिले का भ्रमण कर समीक्षा करनी होगी। भ्रमण से संबंधित टीप चीफ सेक्रेट्री को भेजना होगा। इससे पहले राज्य सरकार ने 1 जुलाई 2024 को प्रभारी सचिव की नियुक्ति का आदेश जारी किया था।

### राजीव गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में राजीव गांधी की जयंती के अवसर उनके छायाचित्र में पुष्पांजली माल्यार्पण अर्पित कर स्मरण कर श्रद्धांजली दी गयी। छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस भवन में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविन्द्र चौबे, पूर्व मंत्री एवं विधायक उमेश पटेल, पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिला भेड़िया, विधायक जनक धुरव, इन्द्र साव, चतुरी नंद, विधायक रामकुमार यादव, विधायक संदीप साहू, विधायक बालेश्वर साहू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, गुरूमुख सिंह होरा, पंकज शर्मा, शिव सिंह ठाकुर, सुबोध हरितवाल, उधोराम वर्मा, कुलदीप जुनेजा, सलाम रिजवी, पूनम पांडेय, सारिक रईस खान, प्रशांत ठेंगड़ी सहित कांग्रेसी उपस्थित थे।

### अंतर्जातीय विवाह करने वाले जोड़े को धोबी समाज में किया शामिल

**रायपुर।** धोबी समाज के नवयुवक रामनगर सुपेला निवासी युवक ने साहू समाज की बालिग कन्या से आर्य समाज मंदिर में रजिस्टर्ड मैरिज भी की थी, परंतु समाज में अंतर्जातीय विवाह को मान्य नहीं किए जाने से प्रेमी जोड़े ने समाज के समक्ष गुहार लगाई थी। समस्त जानकारी प्राप्त करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने इस प्रेमी जोड़े को समाज में शामिल करने का निर्देश जारी किया। दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद प्रमाण पत्र देकर समाज में शामिल किया गया।

### सतनामी समाज की असहमति के बाद जबरन समाज के आयोजन में पहुंचे थे देवेंद्र

# मंत्री बघेल का आरोप- बलौदाबाजार में शांतिपूर्ण आंदोलन को हिंसक बना देना कांग्रेस के टूलकिट का हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने बलौदाबाजार की घटना के संदर्भ में भिलाई नगर के कांग्रेसी विधायक देवेन्द्र यादव के अपराधिक कृत्यों एवं उस घटना में उनकी संलिप्तता के संबंध में कहा, सतनामी समाज की असहमति के बावजूद भी वह जबरन समाज के आयोजन में पहुंचे। साथ ही भिलाई से बहुत से असामाजिक और शरारती तत्वों को भी अपने साथ ले गए थे। उन्होंने लोगों को बलौदाबाजार कलेक्टोरेट परिसर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तोड़-फोड़ आगजनी के लिए उकसाया। उनके साथ गये असामाजिक तत्वों ने इस घटना को अंजाम देने में मुख्य भूमिका निभाई। कांग्रेस को उकसाने की कार्रवाई से बाज आते हुए समाज और न्यायिक प्रक्रिया का सामना करना चाहिए। दोषी चाहे कितना भी बड़ा व्यक्ति हो, उसे छोड़ा नहीं जायेगा। प्रेसवार्ता के पूर्व में संवाददाताओं को वीडियो फूटेज भी दिखाया गया, जिसमें विधायक श्री यादव लोगों को भड़काते नजर आए। उन्होंने बताया कि इस वीडियो में आपने देखा कि एक संगीन प्रकरण में गिरफ्तारी के बावजूद किस तरह आदतन अपराधी की तरह से विधायक देवेन्द्र यादव व्यवहार करते नजर आ रहे हैं। किस तरह वे सतनाम समाज के पवित्र झंडे को अपने पावों पर रख रहे हैं, इस तरह आप इनकी मंशा को समझ सकते हैं। 10 जून को बलौदाबाजार में वास्तव में एक शांतिपूर्ण आन्दोलन को भड़का कर उसे हिंसक बना देना कांग्रेस के टूलकिट का हिस्सा था। यहां तक कि अमर गुफा की घटना भी इनके टूल किट का ही हिस्सा था। प्रदेशभर में ऐसी घटनाएं हो रही हैं या साजिश रची जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक सनम जांगड़े की अगआई में एक टीम बनी थी, उस टीम ने सिफारिश की है कि समाज के अनेक ऐसे लोग कांग्रेस की इस साजिश का शिकार हो गए हैं, वे निर्दोष हैं, उन्हें जांच कर मुक्त करने की कार्रवाई चल रही है। इस मौके पर दुर्ग शहर के विधायक गजेन्द्र यादव, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा उपस्थित थे।

### कांग्रेस के टूल थे देवेंद्र

उन्होंने कहा, एक सोची-समझी साजिश के तहत बिना बुलाये कांग्रेस विधायक भिलाई नगर से बलौदाबाजार पहुंचे। उन्हें मंच पर समाज के लोगों ने चढ़ने भी नहीं दिया, फिर भी नीचे बैठ कर दंगे की साजिश को अंजाम दिया। आखिर समाज की बैठक में भिलाई नगर के विधायक का क्या काम हो सकता था भला? कांग्रेस के अन्य विधायक वहां मौजूद नहीं थे, लेकिन श्री यादव वहां फसाद कराने भिलाई से पहुंच गए। बलौदाबाजार और भाटापारा के कांग्रेस विधायक भी वहां नहीं पहुंचे थे, लेकिन कांग्रेस के टूल के रूप में देवेन्द्र यादव पहुंच गए। उन्होंने अपने समर्थकों को उत्प्रेरित कर कानून को अपने हाथ में लेने का षड्यंत्र किया, जिससे करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ।



### गवाहों को धमकाने का प्रयास

*देवेन्द्र यादव को बलौदाबाजार मामले में लगातार नोटिस दिये जाने के बाद भी ना ही कभी उपस्थित हुए और ना ही जांच में सहयोग किया। वे राहत पाने हाईकोर्ट भी गए, लेकिन वहां से भी इन्हें कोई राहत नहीं मिली। उनके द्वारा बलौदाबाजार के प्रकरण में गवाहों को धमकाने का भी प्रयास कर विवेचना को बाधित किया गया।*

### आधा दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण

*उन्होंने कहा, आपराधिक कृत्यों में जुड़े रहने का यह श्री यादव का पहला मामला भी नहीं है, ये आदतन अपराधी रहे हैं। इससे पहले ईडी द्वारा कोल घोटाले में देवेन्द्र यादव को चार्टशीट किया गया है तथा उच्च न्यायालय में इस प्रकरण में देवेन्द्र यादव की अग्रिम जमानत की याचिका भी खारिज हो चुकी है। देवेन्द्र यादव के विरुद्ध आधा दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। कुछ प्रकरण तो इतने संगीन हैं कि कांग्रेस की भूपेश सरकार भी चाह कर भी यादव के प्रकरण को वापस नहीं ले पायी। कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव के खिलाफ ज्यादातर दर्ज मामले बलवा, आगजनी, तोड़फोड़ एवं लोक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा शासकीय सेवकों पर हमला करने वाले ही हैं। 10 जून को बलौदाबाजार में घटित अपराध में भी इसी तरह के अपराध में विधायक देवेन्द्र यादव की संलिप्तता प्रमाणित हुई है।*

# राजिम माघी पुन्नी मेला अब हुआ कुंभ कल्प मेला



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ राजिम माघी पुन्नी मेला का नाम बदलते हुए इसे छत्तीसगढ़ राजिम कुंभ (कल्प) मेला कर दिया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राजिम माघी पुन्नी मेला (संशोधन) अधिनियम 2024 में संशोधन किया है। इस संबंध में राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। इसके साथ ही यह बदलाव प्रभावी हो गया है। उल्लेखनीय है कि राजिम में पूर्ववर्ती भाजपा की रमन सरकार के समय से राजिम कुंभ मेला आयोजित किया जा रहा था। 2018 में राज्य में कांग्रेस सरकार बनने के बाद इसका नाम बदलकर राजिम माघी पुन्नी मेला कर दिया गया था। कांग्रेस की इस संबंध में दलील थी कि पूर्व से ही यह मेला राजिम माघी पुन्नी मेला के नाम से आयोजित किया जाता रहा है। कांग्रेस सरकार में इस मेले का आयोजन राजिम माघी पुन्नी मेला के रूप में होता रहा। इधर 2023 में कांग्रेस की सरकार बदलने के बाद बनी भाजपा नेतृत्व की सरकार ने एक बार फिर इस मेले का नाम बदलकर माघी पुन्नी मेला की जगह कुंभ (कल्प) मेला कर दिया है। इस संबंध में राज्य विधानसभा में भी प्रस्ताव लाया जा चुका है।

- राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचना

# सहकारी समितियों की आमदनी बढ़ाने नए काम




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय में राज्य सहकारी विकास समिति की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। बैठक में सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार की सहकार से समृद्धि की परिकल्पना के अंतर्गत सहकारिता के क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य में सहकारिता के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। कृषि, मत्स्य पालन, वन सहित अन्य विभागों के अंतर्गत सहकारी समितियों के माध्यम से कार्य किए जा रहे हैं। मुख्य सचिव ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सहकारिता क्षेत्र के अंतर्गत काम करने वाले सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सहकारी समितियों के अंतर्गत निर्मित गोदामों का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित इस बैठक में सहकारिता विभाग के सचिव सीआर प्रसन्ना, कृषि विभाग की सचिव शहला निगार, संचालक पशुधन विकास विभाग डॉ. प्रियंका शुक्ला, विशेष सचिव वित्त शीतल शाश्वत वर्मा सहित सहकारिता एवं कृषि विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

# 1 सितंबर से शुरू होगा भाजपा का सदस्यता अभियान, दो माह में होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान की कार्यशाला में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के रूप में हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य करें। यह लक्ष्य जब संगठन व सत्ता के सामने होता है, तब वह आगे बढ़ता है। 2025 में हमारे वैचारिक अधिष्ठान का शताब्दी वर्ष है। संगठनात्मक दृष्टि से सदस्यता अभियान हमें दो माह में पूर्ण करना है। 1 सितंबर को प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। ऐसे भी कई बूथ हैं, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं को ज्यादा ध्यान देना है, ताकि पार्टी को नुकसान न हो और पार्टी के वैचारिक धरातल को हमें मजबूत बनाना है। सभी जिलों की बैठक 22 से 24 अगस्त तक होगी। 1 सितंबर को प्रधानमंत्री दिल्ली से सदस्यता ग्रहण कर अभियान शुरू करेंगे। अगले दिन 2 सितंबर को प्रदेश और 3 सितंबर को जिला मुख्यालयों में और फिर मंडल मुख्यालयों तक समारोह पूर्वक सदस्यता अभियान की शुरुआत होगी। शक्ति केन्द्र संयोजक, सह संयोजक व सदस्यता सहयोगी मिलकर 30 अगस्त तक अभियान की संरचना पूर्ण करेंगे।

### सभी जिलों की बैठक 22 से 24 अगस्त तक होगी



### जन प्रतिनिधि को दिया गया 50 सदस्य बनाने का लक्ष्य

श्री साय ने बताया कि जन प्रतिनिधियों को भी सदस्यता का लक्ष्य दिया गया है, ताकि सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़े और सभी लोगों को 50 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया। कागजी और ऑनलाइन सदस्यता का अपडेट केन्द्र तक जाएगा, इसलिए सदस्यता फार्म और ऑनलाइन डाटा अपडेट रखना है। सांसदों और विधायकों जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौरों को व्यक्तिगत रूप से सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। विषय की सुगम जानकारी के लिए जिला और मंडल स्तर पर भी कार्यशाला होगी जिसमें सभी प्रमुख पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### दो-ढाई माह में पूर्ण करना है कार्य- किरण देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, आज यह कार्यशाला बहुत महत्वपूर्ण है। सदस्यता अभियान की इस कार्यशाला में सदस्यता के विभिन्न चरणों का कुशल सम्पादन करने के संबंध में हम सब सक्रिय हो। हमारा सबसे प्रमुख कार्यक्रम सदस्यता अभियान है। भाजपा ही एकमात्र कार्यक्रम आधारित राजनीतिक दल है। लेकिन तेजी से काम करें। पिछला सदस्यता अभियान 6 माह तक चला था लेकिन इस बार दो-ढाई माह की अवधि में यह कार्य पूर्ण करना है।

### बूथ स्तर तक सदस्यता अभियान चलाएं- अजय जामवाल

बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि कोरोना, चुनाव व्यस्तता के चलते इस बार 10 साल बाद हमें संगठन पर्व मनाने का अवसर मिला है। सभी कार्यकर्ता 1 सितंबर से 31 अक्टूबर तक अपने लक्ष्य को अर्जित करें, इसके लिए हमें संगठन पर्व को अपनी प्राथमिकता में रखना है। इस बार के सदस्यता अभियान में एकदम सटीक डाटा मिले, इसके लिए बूथ स्तर तक प्रवास करके सदस्यता अभियान को पूर्ण करना है।

### हर स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति होगी- अनुराग

सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने कहा, छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान की कड़ियों पर ध्यान दें। 2014 में सदस्यता अभियान में 22 लाख सदस्य बनाए गए और 2019 में 9 लाख सदस्य बनाए गए थे। कुल 31.40 लाख सदस्यों को पुनः सदस्यता दिलाई जाएगी। चुनावी रणनीति की तरह ही सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस निमित्त जिला, मंडल स्तर पर भी कार्यशालाएं होंगीं और मंडल, बूथ प्रभारी नियुक्त होंगे। सभी बूथ नेताओं को एक-एक मंडल का सौंपा जाएगा। सभी सदस्यता टोली सीधे बूथ स्तर पर पहुंचेगी और 200 सदस्य बनाएंगे। द्वितीय चरण में व्यावसायिक, शैक्षिक आदि सार्वजनिक संस्थानों और कमजोर क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। तीसरे चरण में सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे।

# केवल अमृत नल कनेक्शन पर हो पाई बात, 3 अहम विषयों पर टाल दी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में मंगलवार को गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक हुई। इसमें अमृत नल कनेक्शन पर ही बात हो पाई। निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के शहर से बाहर होने के कारण तीन अहम विषय पर प्रस्तावित चर्चा को एमआईसी मेंबरों ने टाल दिया है। महापौर एजाज ढेबर ने बताया, ओपन प्लॉट पर वन टाइम सेटलमेंट, गरीब परिवार में पहली बिटिया के सरकारी अस्पताल में जन्म पर 20 हजार की एकमुश्त एफडी और 4 हजार सफाई कर्मचारियों के लिए सुबह का नाश्ता फ्री उपलब्ध कराने के महत्वपूर्ण प्रस्ताव वाली फाइल पर कमिश्नर के हस्ताक्षर नहीं होने से इस विषय पर एमआईसी में चर्चा नहीं हो पाई। निगम मुख्यालय में हुई एमआईसी की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अमृत मिशन के दूसरे चरण के अंतर्गत रायपुरा, कुकुरबेड़ा, भनपुरी, पुरानी भनपुरी, शंकरनगर, तेलीबांधा, ईदगाहभाठा, मठपुरैना, डगनिया, लालपुर, देवेन्द्र नगर और बैरनबाजार कमांड एरिया में जल प्रदाय प्रारंभ किया गया है।

इसमें बहुत से हितग्राही अपरिहार्य कारणों से अमृत मिशन के तहत नल कनेक्शन नहीं ले पाए हैं। इन हितग्राहियों के देय संपत्ति कर और जलकर का परीक्षण करने के बाद इन्हें नगर निगम निःशुल्क नल कनेक्शन देगा। नगर निगम द्वारा ब्याज निधि से टेंडर कर नल कनेक्शन प्रदान किया जायेगा।

# अमितेश बने बालोद जिलास्तरीय धरना-प्रदर्शन के प्रभारी

**रायपुर।** पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल को बालोद जिलास्तरीय धरना-प्रदर्शन का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निज सहायक टेकराम देवांगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्वाचित विधायक देवेंद्र यादव सहित युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष व कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर राजनैतिक द्वेष व दुर्भावनावश विभिन्न धाराओं पर एफआरआई दर्ज कर गिरफ्तार किए जाने के विरोध में 24 अगस्त को धरना-प्रदर्शन किया जाना है। जिसमें जिलास्तरीय धरना-प्रदर्शन के लिए जिलेवार वरिष्ठ कांग्रेसजनों को प्रभारी नियुक्त किया गया है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ओम शिव मानस मंडली फरदडीह ने दी रामायण की प्रस्तुति

**डौंडीलोहारा।** सावन माह में विगत 2008 से ओम शिव मानस मंडली फरदडीह के द्वारा प्रतिदिन रामायण की पांच चौपाई मधुर संगीत एवं व्याख्यान के साथ जन मानस को राम रस का रसपान कराते हैं। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला अध्यक्ष मुकेश आरदा ने बताया कि समापन दिवस पर शिव पार्वती विवाह की कथा व्याख्याकार एनएल आर्य ने बड़े ही सुन्दर और सरल ढंग से लोगों को समझाया। अंत में समिति के द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। अध्यक्ष सुमन जांगड़े, गायक गेमन कौशल, सचिव नेतराम यादव, कोषाध्यक्ष यशवंत देवांगन, चंद्रदेव, अमरूद,लतेल पोंगरा अमन देवांगन का सहयोग रहा। यह जानकारी मुकेश आरदा भारत स्वाभिमान न्यास जिला अध्यक्ष ने दी।

### खुटेरी खेरुद में हुई विकासखंड शालेय एथलेटिक्स क्रीडा स्पर्धा



**गुण्डरदेही/सिकोसा।** ग्राम खुटेरी खेरुद में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खुटेरी के तत्वाधान में आयोजित विकासखंड शालेय एथलेटिक्स क्रीडा प्रतियोगिता में विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल हुए। गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निशाद ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गांवों में छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है। खेल से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है, खेल जीवन का अभिन्न अंग खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने बच्चों को एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढने, खेलों के साथ शिक्षा में भी रुचि लेकर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा संतु राम पटेल, प्रभारी प्राचार्य श्वेता पांडेय, बी.ई.ओ नवीन यादव, सरपंच पुष्पा कौमार्य, अध्यक्ष शाला प्रबंधन गोविंद कुमार टेमरे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिकोसा उत्तम कुमार ठाकुर, जोन अध्यक्ष रूपचंद जैन के सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### संकरी सड़कों पर वाहन पार्किंग ने बढ़ाई समस्या

**बालोद।** शहर के कई छोटी सड़कों पर दुकानदारों द्वारा अपने वाहनों को गली में ही पार्किंग की जा रही है, तो वहीं छोटे मालवाहक वाहन जैसे पिकअप या अन्य वाहन भी उसी गलियों में आवाजाही कर रहे हैं। उनकी लापरवाही के चलते पैदल व मोटरसाइकिल में आवाजाही करने वाले लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न मोहल्लों को सदर रोड सहित शहर के अन्य मुख्य मार्गो को जोड़ने वाली सड़को में चारपहिया वाहन मालिकों की मनमानी लगातार सामने आ रही है। शहर के सदर रोड से महावीर स्कूल होते हुए पाण्डेपारा व हीरापुर तक जाने वाले इस मार्ग में दर्जन भर से अधिक चारपहिया वाहन सड़क को घेरे हुए खड़ी रहती है, जिसके चलते अन्य वाहनों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। बाइक सवारों की लंबी कतार लग जाती है।

**पहल : पुलिस लाइन कॉलोनी को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे**

# जिम्मेदारों ने नहीं दिया ध्यान, श्रमदान से सड़क की मरम्मत में स्वयं जुटे जवान







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा शहर से कवर्धा मार्ग पर जिला मुख्यालय पर स्थित पुलिस लाइन के कॉलोनी में लोग समस्याओं से जूझ रहे हैं। 250 के करीब निवासरत पुलिसकर्मी परिवार के लिए बनाये गए आवासों को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली करीब 400 मीटर की सड़क कई बरसों से डामरीकृत अथवा सीमेन्टीकृत से वंचित है। शासन प्रशासन की अनदेखी के कारण हो रही परेशानियों को देखते हुए अब खुद पुलिस जवानों ने श्रमदान कर सड़क की मरम्मत का निर्णय लिया है। जवान स्वयं परिश्रम कर सड़क की मरम्मत करते नजर आए।

बरसात के दौर में हर साल इस कच्ची सड़क से पुलिसकर्मी व उनके परिवारों को आवागमन के दौरान काफी परेशानी उठानी पड़ती है। बावजूद इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया



है। जबकि, देखा जाए तो पुलिस प्रशासन द्वारा अनेक मर्तबा शासन-प्रशासन को पुलिस कॉलोनी की इस मूलभूत समस्या से अवगत करा दिया गया है। किन्तु इसका अब तक निराकरण नहीं होने से पुलिस कॉलोनी के रहवासी स्वयं की परिश्रम से कच्चे सड़क की मरम्मत कर आवाजाही कर रहे हैं, जो चिंताजनक है।

दरअसल अविभाजित दुर्ग जिले से दशकभर पूर्व साल 2012 में अलग होकर बेमेतरा नया ज़िला का निर्माण हुआ था। जिसके तहत ही बेमेतरा में ज़िला पुलिस कार्यालय की पदस्थापना के साथ पुलिसकर्मी परिवार के आवास के लिए अलग से कवर्धा रोड पर एक व्यवस्थित रहवासी कॉलोनी का निर्माण किया गया। किन्तु, तत्कालीन समय में जिम्मेदार शासन-प्रशासन द्वारा नेशनल हाईवे के मुख्य मार्ग को पुलिस लाइन के कॉलोनी से जोड़ने वाली सड़क को कच्चा ही छोड़ दिया गया था। वह सड़क अभी तक इसी अवस्था में है। इसके कारण खस्ताहाल सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जो रहवासी पुलिस परिवारों के लिए परेशानियों का कारण बन चुके हैं। वहीं, इस मार्ग से रोजाना पुलिस परिवार के बच्चों का बस एवं पुलिसकर्मियों का काफिला अपने ड्यूटी के लिए निकलता है।इसलिए इस समस्या का तत्काल समाधान बहुत ही जरूरी है।

#### पिछली सरकार ने नहीं दिया ध्यान

इस समस्या पर पुलिस प्रशासन द्वारा अनेक बार रोड को पक्का करने की मांग पूर्व में तत्कालीन पीडब्ल्यूडी मंत्री-ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष-शकुंतला साहू एवं लोकनिर्माण विभाग, आरईएस विभाग, नगर पालिका प्रशासन सहित कई जिम्मेदार अफसरो व जनप्रतिनिधियों तक मांग की जा चुकी है, लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

#### नई सरकार से उम्मीदें, पर अब तक कोई पहल नहीं

पिछली सरकार से निराश कालोनीवासियों को वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन के डिप्टी सीएम एवं पीडब्ल्यूडी मन्त्री अरुण साव से बड़ी उम्मीदें हैं, जो बेमेतरा ज़िले के प्रभारी मंत्री भी हैं। किन्तु अभी तक इस दिशा में कोई प्रयास नहीं हो पाने से कॉलोनीवासी भी निराश हैं। इससे परेशान होकर उन्होंने अस्थायी मरम्मत का बीड़ा उठाया और अपने स्तर पर मुरूम से गड्ढों को पाटकर सड़क को चलने लायक बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

# पैरालीगल वालेंटियर ने छात्राओं को बताए सोशल मीडिया के दुष्परिणाम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन पर लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालयीन छात्राओं को साइबर क्राइम, मोबाईल फ्रॉड की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया कि अपनी दैनिक दिनचर्या और परिवारिक निजी जीवन में जितना हो सके, स्मार्ट फोन से दूर रहकर अपने परिजनों के साथ अच्छा समय व्यतित करें। पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। अच्छे-अच्छे लेखकों की पुस्तकें पढ़ें। साथ ही फेसबुक, व्हाट्सअप, ट्विटर, स्टाग्राम पर अपने व्यक्तिगत जानकारी फोटोग्राफ को अनावश्यक रूप से साझा नहीं करना चाहिए। इन सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म के माध्यम से किसी अनजान व्यक्ति से बातचीत नहीं करना व साथ ही किसी अंजान व्यक्ति का व्हाटसअप कॉल, वीडियो कॉल को अटेंड नहीं करना है, किसी भी प्रकार के ऑनलाईन लिंक पर क्लिक नहीं करना है साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से होने वाले अपराधों से बचने के लिए हमेशा यह सुनिश्चित कर ले कि जो व्यक्ति फोन पर स्वयं को आपका पहचान वाला या कोई करीबी व्यक्ति बता रहा है वो वास्तव में वही है कि नहीं एवं निःशुल्क विधिक सलाह के बारे में भी बताया गया।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. विनिता गौतम, महाविद्यालयीन अधिकारी/कर्मचारी एवं पैरालीगल वालेंटियर्स पंकज घृतलहरे, धरमू बारले, संजीव शर्मा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा उपस्थित रहे।

# शासकीय विद्यालय अर्जुंदा के छात्र यश ने की राष्ट्रपति से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

भारत सरकार द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों से राष्ट्रपति द्वारा भेट मुलाकात कर रक्षाबंधन मनाया जाता है। इस वर्ष भी यह कार्यक्रम रखा गया, जिसमे छत्तीसगढ़ के विभिन्न संभागों से विद्यार्थियो को आमंत्रित किया गया। इसके तहत बालोद जिला से शासकीय आदर्श भारती उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुन्दा के कक्षा नवमी के छात्र यश कुमार साहू पिता टीकाराम साहू, व्याख्याता अंग्रेजी किरण बाला ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सौजन्य मुलाकात की। यश कुमार साहू द्वारा भाई बहन के प्रेम की प्रतीक रक्षाबंधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा बंधन मनाया। इसके साथ ही दूसरे दिन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विद्यार्थियों के लिए दिल्ली भ्रमण का आयोजन रखा गया। इसके तहत लाल किला, राजघाट, कुतुबमीनार, कमल मंदिर इस्कॉन मंदिर, जामा मस्जिद आदि का भ्रमण विद्यार्थियों को कराया गया।

इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य नीलम कौर एवं विद्यालय परिवार ने यश के प्रति हर्ष व्यक्त किया।

**जिला शिक्षा कार्यालय में हुई बैठक**

# उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान की सफलता के लिए बनाई गई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला शिक्षा कार्यालय में उल्लास नव भारत साक्षरता अभियान अंतर्गत आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम के क्रियान्वयन, कुशल प्रशिक्षकों एवं स्वयं सेवी शिक्षकों का प्रशिक्षण तथा वातावरण निर्माण हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों को उल्लास अभियान का प्रचार प्रसार करने, पोर्टल में पंजीकृत असाक्षरों तथा स्वयं सेवी शिक्षकों को नव भारत साक्षरता के अनुरूप तैयार करने एवं विशेष रूप से हाई/हायर सेकंडरी स्कूलों के बच्चों को स्वयं सेवी शिक्षकों के रूप मे जोड़ने तथा 10 असाक्षरों को साक्षर बनाने पर बोर्ड परीक्षा में 10 बोनस अंक का लाभ मिलने की जानकारी से उन्हें अवगत करा कर इस राष्ट्रीय महत्व के अभियान में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। सहायक परियोजना अधिकारी सुनील कुमार झा ने बताया कि 28 एवं 29 अगस्त को कुशल प्रशिक्षकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में दिया जाएगा। साथ ही उक्त दिवस को एक जागरुकता रैली भी होगी। 30 अगस्त को उल्लास कार्यक्रम को ज़न ज़न तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में सभी विकासखंड से स्वयं सेवी शिक्षकों तथा असाक्षरों की उपस्थिति में विभिन्न प्रस्तुति दी जाएगी। बैठक में डाईट प्राचार्य जे. के. घृतलहरे, विकास खंड के बी. आर. सी. खोमलाल साहू, राजेन्द्र साहू, बी.डी. बघेल, जगजीवन साहू, डी.एल. सी.ऊषा किरण पांडेय, प्रशिक्षक बी.एल. साहू, विधि शर्मा, बलदाऊ पटेल, पद्मन सिंह एवं उल्लास कार्यालय प्रभारी पूर्णिमा उपस्थित थीं।

# जिपं सीईओ ने पीएम आवास योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने बुधवार को जिले के सुदूर वनांचल के ग्राम मुल्लेगुड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने योजना से लाभान्वित हितग्राही लक्ष्मण राम, श्याम सिंह एवं सकुन बाई तथा ग्राम पचांयत मालगांव, हर्राठेमा के अन्य हितग्राहियों के आवासों का औचक निरीक्षण किया। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने संबंधित अधिकारियों को आवास निर्माण में मटेरियल, राजमिस्त्री, बैंक आदि समस्याओं का त्वरित निराकरण कर आवास निर्माण के कार्य को शतप्रतिशत गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा कराने के निर्देश



दिए। इस दौरान उप संचालक पंचायत आकाश सोनी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ जिले के डौण्डीलोहारा विकासखंड के सुदूर वनांचल के ग्राम बंजारी निवासी कुंती बाई को भी मिला। आज उनके सपनों का पक्का आशियाना मिलने से वे बहुत ही खुश हैं। कुंती बाई ने बताया कि 2022 में अपने पति की मृत्यु पश्चात वे दिहाड़ी मजदूरी के सहारे 02 बच्चों की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। इसके साथ ही छत युक्त पक्के मकान का निर्माण करना एक सपने जैसा था। वे गांव में एक खपरैल युक्त कच्ची घर में रहती थी परंतु अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मेरा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ तथा प्रशासन के सहयोग से मेरे अपने सपनों के पक्के आशियाना का निर्माण हुआ। कुंती बाई ने बताया कि उन्हें राज्य शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना का लाभ प्रतिमाह मिल रहा है। इसके साथ ही शौचालय, नल जल तथा उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस व अन्य योजनाओं का लाभ मिला है।

# धर्म और अहंकार एक साथ नहीं रह सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- महावीर भवन में संत ऋषभ सागरजी का प्रवचन जारी

जीवन में धर्म ग्रंथों का श्रवण हम बहुत करते हैं किंतु उसे जीवन में हम कितना उतार पाते हैं। जिस क्षेत्र में श्रद्धा न हो उस क्षेत्र का ज्ञान भी हृदय में नहीं उतर पाता, गुरु सभी को एक समान ज्ञान देते है किंतु जिसमे गुरु के प्रति श्रद्धा एवं बहुमान का भाव हो उसमे ज्ञान और उसके तत्व आसानी से समझ में आ जाते हैं। संत ऋषभ सागरजी म सा ने महावीर भवन में चल रहे अपने प्रवचन श्रृंखला में उक्ताशय की बातें कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की पात्रता अलग अलग होती है। अपात्र व्यक्ति का ज्ञान भी नुकसानदेह होता है। ज्ञानी व्यक्ति वो होता



है जिसका ज्ञान जैसे जैसे बढ़ता है उसमें विनय और विनम्रता बढ़ती जाती है। विनय ही धर्म का मूल है, आज के समय मे विनय की कमी और व्यवहार में कठोरता अधिक दिखाई देती है। जिस तरह प्रकाश और अंधकार एक साथ नही रह सकते उसी तरह धर्म और अहंकार एक साथ नही रह सकते। हममें जितनी पात्रता होती है हम उतना ही ग्रहण कर पाते है। उन्होने एक उदाहरण के माध्यम से बताया कि एक व्यक्ति एक महात्मा के पास ज्ञान प्राप्त करने गया था। महात्मा ने उसे एक पत्थर दिया और कहा कि सब्जी मार्केट में इसे कोई कितने में खरीद सकता है, पूछ कर आने को कहा उसका मूल्य उस मार्केट में कोई 2 रु से अधिक नही आंका, दूसरे दिन उसे सराफा मार्केट में जाने कहा वहां उसका मूल्य 10 हजार रु तक आंका गया। तीसरे दिन जौहरी के यहां भेज वहां उसका मूल्य 10 लाख आंका गया।

हमे चिंतन करना है हम धर्म का परमात्मा के बताए मार्ग का मूल्यांकन 2रु का करने वालो में तो नही। आत्मा के कल्याण के लिए हमारा क्या पुरुषार्थ हो सकता है यह चिंतन करने का समय है यह चातुर्मास, तप, आराधना के माध्यम से अपनी आत्मा की मलिनता जिसमे रागद्वेष क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार जैसे विकार लगे हैं, उन्हें दूर करने का प्रयास करें।

### आंबा कार्यकर्ता-सहायिका के लिए 5 सितंबर तक कर सकते हैं आवेदन

**बेमेतरा।** जिले की एकीकृत बाल विकास परियोजना साजा अंतर्गत वर्तमान में नवीन स्वीकृत पद एवं रिक्त पद हेतु आ.बा. सहायिका के पद पर शासन द्वारा निर्धारित निर्देश एवं मापदण्डो के अनुसार नियमानुसार नियुक्ति किया जाना है। इसके अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय जिला बेमेतरा वार्ड नं. 10/13 (सिंघौरी) बेमेतरा अंतर्गत ग्राम व ग्राम पंचायत भुरकी में आ.बा. केन्द्र भुरकी 02 पर आ.बा. सहायिका के लिए 22 अगस्त से 5 सितंबर तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय बेमेतरा में सीधे अथवा पंजीकृत डाक द्वारा आवेदन मंगाए गए हैं। आंगनबाड़ी सहायिका के पद के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8 वीं परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदिका को ग्रामीण क्षेत्रों में उसी ग्राम की स्थानीय निवासी होनी चाहिए जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए विज्ञापन जारी हुआ है। तथा नगरीय क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होनी चाहिए जिस वार्ड हेतु विज्ञापन जारी हुआ है। सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रति के साथ आवेदन पत्र सम्बन्धित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि तक सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता है।


**ग्राम अण्डा बस स्टैण्ड चौक में गतिरोधक बनवाने व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन**

# तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने ब्रेकर जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

मिनीमाता चौक पुलगांव से ग्राम अण्डा तक फोर लेन सड़क का निर्माण कराया गया है। जिसमें बस स्टैण्ड अण्डा चौक में गतिरोधक नहीं बनाने से दुर्ग से बालोद की ओर तथा बालोद से दुर्ग की ओर आने-जाने वाले वाहन तेज रफ्तार में होने के कारण सप्ताह में दो-तीन दुर्घटना होते रहता है।

बालोद की ओर से आने वाले वाहन के चालक को डिवाईडर की लम्बाई एवं ऊंचाई ज्यादा होने के कारण अण्डा बस्ती की ओर से आने वाला वाहन दिखाई नहीं देता और तेज रफ्तार होने की वजह से वाहन कन्ट्रोल नहीं होने से दुर्घटना हो जाता है। डिवाईडर बनाते समय लोक निर्माण विभाग के



उप अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी, अनुविभाग पाटन को दुर्घटना की आशंका को देखते हुये डिवाईडर की ऊंचाई एवं लम्बाई को कम करने हेतु आस-पास के व्यापारियों द्वारा निवेदन किया गया था, किन्तु उस समय लोक निर्माण विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया।

सड़क बनाते समय डिवाईडर की ऊंचाई एवं लंबाई को कम किया जाता तो आज जो दुर्घटनाएं हो रही है, वो नहीं होता। समस्त व्यापारीगण बस स्टैण्ड अण्डा द्वारा बस स्टैण्ड चौक में अण्डा बस्ती मार्ग में, निकुम मार्ग में, बालोद से अण्डा मार्ग में बस स्टैण्ड अण्डा के पहले तथा दुर्ग से अण्डा मार्ग में बस स्टैण्ड अण्डा से पहले गति अवरोधक बनवाने हेतु कलेक्टर, जिला दुर्ग, पुलिस अधीक्षक दुर्ग, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग दुर्ग परिक्षेत्र दुर्ग, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग एवं थाना प्रभारी थाना अण्डा को हेमेन्द्र कुमार चन्द्राकर, सामाजिक कार्यकता, पुकेश चन्द्राकर महामंत्री भाजपा मण्डल उतई, उमादेवी चन्द्राकर सरपंच ग्राम पंचायत अण्डा, अमित चन्द्राकर, आदित्य चन्द्राकर, आकाश चन्द्राकर, राजेन्द्र चन्द्राकर, राकेश चन्द्राकर, राकेश निर्मलकर, ललित निर्मलकर, अजय साहू, धर्मेन्द्र साहू, सतीश साहूरवि देशमुख, जावेद खान, बंशीलाल चन्द्राकर, मानकलाल राठी, जगदीश तापड़िया, चमन चन्द्राकर, रामगोपाल सिन्हा, दिनेश सिन्हा आदि द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
22 अगस्त से 03 सितम्बर 2024,
18 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024,
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
सुविध ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411